वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 295 सोमवार 20 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## कांग्रेस ने 75 AICC मेंबर बनाए, जोशी-धारीवाल आउट

### पायलट खेमे से केवल चार नेताओं को जगह, गहलोत खेमे का दबदबा

**जयपुर. कासं**



कांग्रेस ने रायपुर अधिवेशन से पहले 75 AICC मेंबर बनाए हैं। इनमें 55 मेंबर संगठन चुनावों में चुने हुए और 20 कॉप्टेड मेंबर हैं। AICC सदस्यों में आधे से ज्यादा मंत्री-विधायकों को जगह दी गई है। इस सूची में सीएम अशोक गहलोत खेमे का दबदबा रहा है। खास बात यह है कि 25 सितंबर की घटना के लिए नोटिस वाले उनके नजदीकी तीनों नेताओं को मेंबर नहीं बनाया गया है। सूची में सचिन पायलट के अलावा उनके खेमे से केवल तीन नेताओं को जगह मिली है। एक मंत्री मुरारीलाल मीणा और एक विधायक विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर के अलावा कुलदीप इंदौरा को जगह मिली है। सीएम गहलोत के नजदीकी मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी और आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ का नाम इस लिस्ट में नहीं है। 25 सितंबर की घटना के लिए नोटिस पाने वाले यही तीन नेता हैं। ये नेता पीसीसी मेंबर हैं, लेकिन धारीवाल और जोशी का नाम एआईसीसी मेंबर में नहीं शामिल करके 25 सितंबर की घटना पर एक्शन के संकेत दे दिए हैं।

### सीएम के बेटे वैभव गहलोत, स्पीकर सीपी जोशी एआईसीसी मेंबर

एआईसीसी मेंबर्स में मंत्री और विधायकों का ज्यादा दबदबा है। सीएम अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, स्पीकर सीपी जोशी, सचिन पायलट, रघु शर्मा और हरीश चौधरी को निर्वाचित एआईसीसी मेंबर्स में नाम है। मुख्यमंत्री के बेटे और आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत का भी निर्वाचित एआईसीसी मेंबर में नाम है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अलावा 17 मंत्री एआईसीसी मेंबर बने हैं। 11 मंत्रियों को एआईसीसी मेंबर नहीं बनाया है।

### 50 निर्वाचित एआईसीसी मेंबर की लिस्ट

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सीएम अशोक गहलोत, विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिव पायलट, जितेंद्र सिंह, रघुवीर मीणा, अभिषेक मनु सिंघवी, रामेश्वर डूडी, रघु शर्मा, हरीश चौधरी, मोहन प्रकाश, पवन खेड़ा, धीरज गुर्जर, कुलदीप इंदौरा, जुबेर खान, नीरज डांगी, पुखराज पाराशर, वैभव गहलोत, सीताराम अग्रवाल, ललित तूनवाल, जसवंत गुर्जर, आर सी चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, दिनेश खोड़निया, सीताराम लांबा और संजीता सिहाग।

## लिटरेचर फेस्टिवल शहरनामा की शुरूआत



**जयपुर. कासं**

दुनिया भर में ऐतिहासिक धरोहर के लिए लोकप्रिय जयपुर शहर में रविवार को शहरनामा - कहानी अपने अपने शहरों की, ए बुटीक लिट्रेरी फेस्टिवल का आयोजन किया गया। दिन भर चले विभिन्न सत्रों में देश भर से आए लेखकों, प्रकाशकों और विचारकों ने जयपुर, अजमेर, पुष्कर, उदयपुर, श्रीनगर, बिहार, मथुरा, लखनऊ सहित विविध शहरों की संस्कृति, रहन सहन, खानपान, और इतिहास पर अपने अनुभव और विचार साझा किए। दो दिवसीय फेस्टिवल के पहले दिन पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, फेस्टिवल को डायरेक्टर अपरा कुच्छल, नीलिमा डालमिया आधार, प्रभा खेलना फाउंडेशन की नेशनल एडवाइजर विनी कक्कड़ और आईटीसी के जनरल मैनेजर रिषि मट्टू ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपरा कुच्छल ने कहा कि शहरनामा में दो दिनों में 30 से अधिक लेखक, विचारक, पत्रकार, वक्ता और कलाकार अपने पसंदीदा शहरों से जुड़े अनुभव साझा करेंगे। कुच्छल ने कहा कि इस तरह के अनूठे कार्यक्रम के जरिए हम सब यह बखूबी महसूस करेंगे कि साहित्य में कितनी शक्ति होती है, और यह हमें किस तरह जोड़ता है।

## राजस्थान में इस साल गर्मी तोड़ेगी रिकॉर्ड

### लू कंट्रोल करने वाली बारिश भी नहीं होगी, फरवरी में पारा सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में गर्मी मार्च से ही नए रिकॉर्ड बना सकती है। इस बार फरवरी में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा चल रहा है, कई शहरों में 12 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस साल जून तक भीषण गर्मी रहेगी। चिंता की बात यह है कि गर्मी के मौसम में तापमान कंट्रोल करने वाली छिटपुट बारिश भी इस साल न के बराबर होने की आशंका है।



मौसम विशेषज्ञ ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि पश्चिमी प्रशांत महासागर में इस साल ला नीनो से अल नीनो की कंडिशन बन रही है। इसके अलावा आईओडी यानी इंडियन ओशन डाइपोल में वर्तमान कंडिशन न्यूट्रल है।

### पश्चिमी हवा का ज्यादा रहेगा असर

राजस्थान में मार्च से जून तक पश्चिमी हवा से गर्मी तेज होती है। राजस्थान के अलावा इन हवा का प्रभाव हरियाणा, पंजाब, यूपी, एमपी और गुजरात में रहता है, जिसके कारण इन राज्यों में तेज गर्मी और लू की स्थिति बनी रहती है। गर्मियों की शुरूआत से जून तक तापमान को कंट्रोल करने में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अहम रोल निभाते हैं। समय-समय पर आने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिस्सों में बारिश, आंधी और ओले गिरते हैं और तापमान कंट्रोल में रहता है। लेकिन इस बार दिसंबर, जनवरी और मौजूदा फरवरी में आए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की फ्रीक्वेंसी और उनकी इंटेंसिटी (तीव्रता) को देखकर आशंका जताई जा रही है कि मार्च से मई तक राजस्थान समेत मध्य भारत में बहुत कम बारिश होगी। इस कारण आगामी सीजन में गर्मी लम्बे समय तक लोगों को झेलनी पड़ सकती है। राजस्थान में गर्मी के सीजन में चूरू, गंगानगर, बाड़मेर, बीकानेर और जैसलमेर में जबरदस्त रहती है। यहां मई-जून में अधिकांश दिनों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही रहता है। चूरू, गंगानगर, धौलपुर में तो पारा 50 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है। अब तक का सबसे ज्यादा तापमान चूरू में 50.8 डिग्री सेल्सियस साल 2019 में दर्ज हुआ था। वर्तमान में जो परिस्थिति बनी हुई है और मौसम विभाग के जो मॉडल अभी सामने आ रहे हैं, उन्हें देखकर आशंका जताई जा सकती है कि इस सीजन गर्मी का नया रिकॉर्ड बन सकता है।








# जैन सोश्यल ग्रुप महानगर, जयपुर के तत्वावधान में जैन मंदिर का शिलान्यास संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर में मुहाना मंडी रोड़ जयपुर पर केसर चौराहे के पास ''पार्श्वनाथ नारायण सिटी विस्तार'' में शनिवार दिनाँक 18 फरवरी 2023 को दोपहर 12.15 बजे जैन मंदिर का शिलान्यास जैन सोश्यल ग्रुप महानगर जयपुर के तत्वावधान में किया गया। यह जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फैडरेशन के इतिहास में पहला अवसर हैं जिसमें किसी जैन सोश्यल ग्रुप के तत्वावधान में जैन मंदिर का शिलान्यास किया गया है। इस शिलान्यास कार्यक्रम को श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर के अध्यक्ष उमराव मल संघी, श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन, पवन पाटनी कालाडेरा, बाबूलाल पाटनी कालाडेरा, देवेन्द्र मोहन जैन, (पूर्व मुख्य अभियन्ता, जलदाय विभाग) युवा समाजसेवी विनय सोगानी एवं जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन नार्दन रीजन के चेयरमैन इलेक्ट महेंद्र सिंघवी, नरेश यादव, पंकज यादव, पवन यादव आदि समाज श्रेष्ठीजनों के सानिध्य में संपन्न हुआ। पूजन में बैठने का सौभाग्य रवि प्रकाश जैन - नमिता जैन, संजय - सपना छाबड़ा एवं सुनील -अनिता गंगवाल को मिला। पूजन एवं शिलान्यास की संपूर्ण कार्यवाही पंडित जी संजय शास्त्री द्वारा संपन्न करवाई गई। इस शिलान्यास कार्यक्रम की संपूर्ण रूप रेखा महानगर ग्रुप के अध्यक्ष संजय छाबड़ा एवं महानगर टीम ने तैयार की थी। कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप जैन, पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश जैन, राजीव जैन, दीपेश छाबड़ा, सचिव अनुज जैन, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पाटनी, समन्वयक सुनील गंगवाल एवं सदस्य हेमन्त बडजात्या, विपिन जैन, नरेन्द्र जैन, विकास पाटनी आदि की उपस्थिति रही। महानगर ग्रुप ने आये हुए सभी अतिथियों का तिलक, माला एवं शाल ओढाकर स्वागत कर शिलान्यास कार्यक्रम में अभिनन्दन किया। संजय छाबड़ा ने अवगत करवाया कि पूरा पाटनी परिवार इस कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं उन्होंने इसके लिए पाटनी परिवार की अनुमोदना की।






भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा
मुख्य प्रायोजक
R K GROUP
Kishangarh, Rajasthan
lasting impressions
WONDER CEMENT
EK PERFECT SHURUAAT
www.rkmarble.com | www.wondercement.com
सह प्रायोजक
ARL
ARL Infratech Ltd.
हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन
शनिवार, 25 फरवरी 2023
समय : सायं 7.00 बजे से
:: स्थान ::
भट्टारक जी की नशियां,
नारायण सिंह सर्किल, टोंक रोड़, जयपुर
आंमत्रित कविगण
श्री प्रताप फौजदार
(हास्य सम्राट)
श्री बुद्धि प्रकाश दाधीच
(हास्य एवं राज. गीतकार)
श्री शम्भू शिखर
(हास्य पैरोडी सम्राट)
श्री सुनील व्यास मुंबई
(हास्य व्यंग्य)
श्री पी.के. मस्त
(हास्य व्यंग्य)
स्वर कोकिला कल्पना शुक्ला
(श्रृंगार)
श्री कमलेश जैन 'वसन्त'
(मंच संचालन)
आमंत्रित अतिथिगण
समारोह गौरव
श्रीमान् अशोक जी पाटनी
आर. के. मार्बल ग्रुप
मुख्य अतिथि
श्रीमान् नन्द किशोर जी प्रमोद जी पहाड़िया
ए. आर. एल. ग्रुप
अध्यक्षता
श्रीमान् विनोद जी तिजारिया
प्रमुख समाज सेवी
दीप प्रज्ज्वलनकर्त्ता
श्रीमान् उमराव मल जी संघी
अध्यक्ष-श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्
विशिष्ट अतिथि
श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा
सम्पादक-दैनिक समाचार जगत
विशिष्ट अतिथि
श्रीमान् सुरेन्द्र जी पाण्ड्या
राष्ट्रीय महामंत्री-दिगम्बर जैन महासमिति
विशिष्ट अतिथि
श्रीमान् निर्मल जी सौगानी
सदस्य-नेशनल रोड़ सेफ्टी कॉउन्सिल (NRSC)
विशिष्ट अतिथि
श्रीमान् विनय जी सौगानी
प्रमुख व्यवसायी एवं समाज सेवी
विशिष्ट अतिथि
डॉ. पी.सी. जैन
प्रमुख समाज सेवी
विशिष्ट अतिथि
श्रीमान् जितेन्द्र जी गंगवाल
मेडिकल व्यवसायी एवं समाज सेवी
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन के आमंत्रित इन्दौर से राष्ट्रीय पदाधिकारीगण
जयपुर में प्रथम बार आगमन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्रीमान् राकेश जी बिनायका
राष्ट्रीय महासचिव
श्रीमान् विपुल जी बॉझल
निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्रीमान् कमलेश जी कासलीवाल
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्रीमान् विमल जी अजमेरा
संयुक्त सचिव
श्रीमान् आशीष जी सूत वाले
आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं ।
आदिनाथ जयंती 16 मार्च से महावीर जयंती 3 अप्रेल तक
रक्तदान जीवन दान
विशाल रक्तदान शिविर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये।
चलो रक्तदान करे और करवाये ।।
भगवान महावीर की 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत मानव सेवार्थ 2621 यूनिट रक्त एकत्र करने के विशाल लक्ष्य के साथ विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से लगभग 40 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।
समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के. गोधा जी की पुण्य स्मृति में
जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2023
एवं भक्ति संध्या
(रक्तदान शिविर आयोजन करने में सहयोगी संस्थाओं का सम्मान)
रविवार, 2 अप्रेल 2023 - सायं 7.00 बजे से - तोतूका सभागार, भट्टारक जी नसियाँ
:: आयोजन समिति ::
मुख्य समन्वयक
यश कमल - संगीता अजमेरा
परामर्शक
दर्शन - विनीता बाकलीवाल
समन्वयक
मनीष - शोभना लोंग्या
सह-समन्वयक
विनोद - हेमा सोगानी
सह-समन्वयक
चक्रेश - पिंकी जैन
सह-समन्वयक
राजेश - रानी पाटनी
सह-समन्वयक
अनिल - ज्योति जैन चौधरी
संयोजक :: धीरज-सीमा पाटनी, नितेश-मीनू पाण्ड्या, संजय-ज्योति छाबड़ा, सपन-रजनी जैन छाबड़ा, पंकज-नीना जैन विजय-माया झांझरी, सुधीर-अलका गोधा, अजय-वर्षा बाकलीवाल
सहयोगी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप :: जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, वर्धमान, पार्श्वनाथ, तीर्थंकर, ब्लू स्टार, पिंक पर्ल, वात्सल्य, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, जनक श्री, स्वस्तिक, विराट, मालपुरा, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, श्री महावीर जी
ग्रुप संयोजक :: डॉ. राजेन्द्र कुमार जैन, सुनील बज, कैलाश चन्द बिंदायका, मोहनलाल गंगवाल, श्रीमती प्रमिला शाह, सुनील जैन, प्रमोद सोनी, अनिल पाटनी, रवि सेठी ईजी. पी.सी. छाबड़ा, डॉ.मोहन लाल जैन 'मणी', राजेश चौधरी, श्रीमती बीना टोंग्या, श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका, महावीर बोहरा, नीरज जैन, सतीश बाकलीवाल, बसंत जैन
आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर
राकेश-समता गांदिका
अध्यक्ष
दिनेश-संगीता गंगवाल
परामर्शक
मनीष-शोभना लॉग्या
कार्याध्यक्ष
सुनील-सुनीता गांदिका
उपाध्यक्ष
चक्रेश-पिंकी जैन
उपाध्यक्ष
राकेश-रेणु संघी
उपाध्यक्ष
महेन्द्र-सुनिता कासलीवाल
उपाध्यक्ष
अनिल-निशा संघी
सचिव
अनिल-अनिता जैन
कोषाध्यक्ष
राजेश-रितु छाबड़ा
संगठन सचिव
राजेश-रानी पाटनी
संगठन सचिव
प्रदीप-प्राची बाकलीवाल
संयुक्त सचिव
चेतन-डॉ. अनामिका पापड़ीवाल
संयुक्त सचिव
कमल-मंजु ढोलिया
सांस्कृतिक सचिव
राजेन्द्र-कुसुम जैन
खेल सचिव
कार्यकारिणी सदस्य :
अनिल-ज्योति चौधरी ※ डॉ अनुपम-विनीता जैन
※ सपन-रजनी छाबड़ा ※ नितेश-मीनू पाण्ड्या
विशेष आमंत्रित : अशोक-अर्चना पाटनी ※ अशोक सेठी
निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर
राजेश बड़जात्या
अध्यक्ष
अनिल जैन IPS
संस्थापक अध्यक्ष
महेन्द्र कुमार पाटनी
वरिष्ठ परामर्शक
सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या
परामर्शक
नवीन सेन जैन
परामर्शक
यश कमल अजमेरा
निर्वतमान अध्यक्ष
अतुल बिलाला
पूर्व अध्यक्ष
पारस कुमार जैन
कोषाध्यक्ष
निर्मल संघी
महासचिव
सम्पर्क सूत्र :: 9414078380
9829067076, 9785074581
9887555249, 9414073035
SURYAVANSHI
JEWELLERS
083025 81569
SB-155 A, Sawai Mansingh Rd, Tonk Road,
Lalkothi, Jaipur, Rajasthan 302015

## वेद ज्ञान

### आत्मनिरीक्षण की कला

जीवन की सफलता में जितना सहायक मानसिक संतुलन होता है, उतना शायद अन्य कोई साधन ही उपयोगी सिद्ध हो सकता है। संतुलित मन वाला व्यक्ति ही विनम्र और अच्छा व्यवहार कर सकता है। उसी में वह विशेषता होती है जो मैत्री को बढ़ाने और कटुता को घटाने में सहायक सिद्ध हो सके। शिष्टाचार की सामान्य सी भूल भी अन्य लोगों को खल जाती है और वे उसे अशिष्टता, अवमानना मान बैठते हैं। यह बात याद रखना चाहिए कि जिसके मित्र, शुभचिंतक, समर्थक, प्रशंसक अधिक होते हैं वह आगे बढ़ता है। जिसके निंदक, विरोधी अधिक होते हैं उसके कामों में भी देरी होती है। सौजन्य ही वह कला है जो मित्र बढ़ाती है और विरोधीजनों को घटाती है। सज्जनता किसी के ऊपर अहसान करना नहीं, बल्कि इससे अपने लिए ही मनुष्य सम्मान और सहयोग का क्षेत्र विस्तृत करता है। इस बिना व्यय की विशिष्टता को अर्जित करने में एक ही प्रमुख कठिनाई है, मस्तिष्क को असामान्य स्थिति में आवेशग्रस्त या गया-गुजरा अनगढ़ स्तर का न रखना। जिसे अपने कार्य-व्यवहार में जनसंपर्क साधना होता है उसे उपहास, व्यंग्य, तिरस्कार की आदत छोड़ ही देना चाहिए। इसके लिए शिष्टाचार के किसी विद्यालय में पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। मस्तिष्क को शांत और संतुलित बनाए रखने की विद्या से यह सामान्य स्वभाव स्वयं ही बन जाता है। जो अपने सेवक, स्वामी, मित्र, परिवारी, पड़ोसी आदि के प्रति अपनी ओर से शिष्टाचार का व्यवहार करता है, उसके प्रति न तो अन्याय हो सकते हैं और न ही कोई उसकी अवमानना कर सकता है। फलस्वरूप वह सदैव फायदे में ही रहता है। जो गलतियां हो चुकी हैं, उन्हीं पर सदा सोचते रहने से मन अपने आपको अपराधी की स्थिति में पाता है और आत्मविश्वास खो बैठता है। ऐसी स्थिति में उचित यही है कि जिन भूलों का जिस रूप में परिमार्जन-प्रायश्चित हो सकता हो उसे किया जाए। शिक्षा अनुभवी लोगों से ली जा सकती है। जो मन को निरंतर साथ रहने वाला फलदायी देवता मानते रहे हैं और जिन्होंने आत्म परिष्कार के आधार पर उत्थान किया है, उन्हीं की सलाह उचित है। जो अनीति अपनाने की सलाह देते हैं, उनसे बचकर रहना ही श्रेयस्कर है।

## संपादकीय

# क्या इससे बुरे हालात होंगे?

देश के कानून के तहत बच्ची को खरीदना अपराध है और इसलिए आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई हुई। यह कल्पना भी दुख से भर देती है कि किसी मां को मजबूरी के इस स्तर का सामना करना पड़ा, जिसमें उसके सामने कुछ पैसों के बदले अपनी ही एक साल की बच्ची को किसी को सौंपने की नौबत आ गई। निश्चित रूप से बेटी के बदले पैसे लेना गलत है, मगर सवाल है कि अगर नैतिकता को सामाजिक संदर्भों में परिभाषित किया गया है तो उस महिला की लाचारगी से उपजी त्रासदी को कम करने में क्या समाज की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए? आखिर अपने जीवन के झंझावात के बीच किसी मां के सामने वह कैसी मजबूरी पैदा हुई कि उसे इस स्थिति का सामना करना पड़ा? गौरतलब है कि महाराष्ट्र में एक साल की बच्ची को बेचे जाने के इस मामले में बंबई हाई कोर्ट ने एक भावुक टिप्पणी की कि इक्कीसवीं सदी में भी लड़कियों को वस्तु समझा जाता है और उन्हें वित्तीय लाभ के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन साथ ही अदालत की यह बात भी बेहद अहम है कि जीवन की कठिन सच्चाई यह है कि बच्ची की मां ने उसे जरूरत के कारण किसी को पैसे के बदले दिया था और ऐसे में उसकी स्थिति का भी सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हालांकि हाई कोर्ट ने परिस्थितियों के मद्देनजर पैसा देकर बच्ची को रखने की आरोपी महिला को जमानत दे दी, मगर यह भी कहा कि उसने ऐसा करके मानवता को शर्मसार करने का काम किया। दरअसल, पीड़ित महिला ने जब बाद में पैसा चुका दिया, तब भी आरोपी दंपति ने उसकी बेटी को वापस करने से इनकार कर दिया था। गनीमत है कि देश के कानून के तहत बच्ची को खरीदना अपराध है और इसलिए आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई हुई। इस समूचे मामले में कानूनी कसौटियों से इतर सामाजिक नैतिकता और मानवाधिकार के प्रश्न भी आमने-सामने खड़े होते हैं। सवाल है कि जिन लोगों ने बच्ची के एवज में महिला को पैसा दिया, उनके लिए नैतिकता की कौन-सी कसौटी तय की गई है? जिस महिला और उसके पति ने महज साल भर की बच्ची को अपने पास रख कर उसकी जरूरतमंद मां को कुछ पैसे दिए, क्या वे उसे कर्ज या मदद के रूप में वही रकम नहीं दे सकते थे? आरोपी दंपति भी क्या उसी समाज का हिस्सा नहीं हैं, जो नैतिकताओं और नियमों को परिभाषित करता है और इसी के तहत किसी बच्चे के बदले पैसा लेने को गलत मानता है? समाज के बाकी हिस्से से लेकर सरकारी तंत्र की क्या जिम्मेदारी क्या थी? आखिर परस्पर सामाजिक सहयोग के सिद्धांत की क्या अहमियत है और वह कब काम करता है? जीवन की कसौटियों और महज जिंदा रहने के जद्दोजहद से गुजरते व्यक्ति के सामने कई बार ऐसे हालात खड़े हो जा सकते हैं कि उसके लिए सामाजिक नैतिकता जैसे सवालों पर विचार करना मुश्किल हो जाए। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# सरहद...

भारत अब सीमा पर सड़क मार्गों और सैन्य तैयारी में काफी आक्रामक तरीके से इजाफा कर रहा है। सुरक्षा मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने विशेष रूप से चीन से लगती सीमा की सुरक्षा के लिए गठित भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) की सात नई बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है। सीमा पर चीन की लगातार सैन्य आक्रामकता के बावजूद पिछले एक दशक में पहली बार आइटीबीपी की बटालियनों की संख्या में इजाफे का फैसला किया गया है। अब 1,808 करोड़ की लागत और कम से कम नौ हजार नए जवानों के साथ आइटीबीपी चीन से लगती 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा पर 47 नई सुरक्षा चौकियां बनाएगा और ये सभी अरुणाचल प्रदेश में होंगी। साथ ही पूर्वी लद्दाख तक हर मौसम में पहुंच के लिए सामरिक दृष्टि से बेहद अहम नीमू-पदम-दारचा सड़क मार्ग पर सिनकुन ला सुरंग के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। लगभग 16,580 फुट की ऊंचाई पर बनने वाली इस सुरंग के दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाने के बाद पूर्वी लद्दाख के लिए इस सबसे छोटे बारहमासी रास्ते से सैन्य साजोसामान और रसद की तेजी से आपूर्ति आसान हो जाएगी। खास बात यह कि यह मार्ग चीनी और पाकिस्तानी तोपों की पहुंच से दूर है। इसके अलावा, समिति ने सीमाई गांवों के विकास और वहां से पलायन को रोकने के लिए ''वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम'' (वीवीपी) का एलान किया है। ये तीनों फैसले सीमा पर चीनी आक्रामकता से निपटने के लिए सरकार की रणनीति की ओर इशारा करते हैं। इसके तहत सीमाई इलाकों के गांवों में संपर्क सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा, ताकि वे सुरक्षा बलों की आंख और कान का काम कर सकें। आइटीबीपी के जरिए निगरानी और त्वरित कार्रवाई की क्षमता बढ़ाने के साथ सैन्य साजोसामान और रसद की आपूर्ति के लिए सुरक्षित मार्गों का निर्माण होगा। अरुणाचल सीमा पर आइटीबीपी की सुरक्षा चौकियों और शिविरों के निर्माण से सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण इलाकों की निगहबानी और घुसपैठ की किसी भी कोशिश के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की क्षमता में इजाफा होगा। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि वीवीपी से सीमाई इलाकों में चीनी गतिविधियों के बारे में सूचनाओं का प्रवाह बढ़ेगा और इन गांवों में विकास से स्थानीय लोगों में भारत के प्रति भरोसा मजबूत होगा। सीमा पर अग्रिम सैन्य अड्डों तक हर मौसम में रसद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सुरंगों का निर्माण भारत की प्राथमिकता है। ये सुरंगें सिर्फ आवाजाही के लिए नहीं, बल्कि गोला-बारूद, मिसाइल, ईंधन और खाने-पीने की चीजों के भंडारण के लिए भी उपयोगी हैं। इसी के साथ सरकार को अब बारह किलोमीटर लंबी सासेर ला सुरंग के प्रस्तावित निर्माण को भी मंजूरी देने में देर नहीं करनी चाहिए, ताकि दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी मार्ग पर चीनी हमले या बमबारी की जद में आने की स्थिति में उत्तर पूर्वी लद्दाख की सबसे अग्रिम हवाई पट्टी दौलत बेग ओल्डी तक पहुंचने का एक वैकल्पिक मार्ग कायम हो सके। यह स्वागतयोग्य है कि चीन सीमा को लेकर भारत सरकार अपने परंपरागत रक्षात्मक रुख से किनारा कर रही है। दशकों से तक सीमा पर सड़कों और अन्य आधारभूत ढांचे के निर्माण को लेकर सरकारें आशंकित रही हैं। उनका मानना था कि युद्ध की स्थिति में चीनी फौज इन सड़कों पर कब्जा कर आवाजाही के लिए इनका इस्तेमाल कर सकती है। निश्चित रूप से अब वह स्थिति नहीं है। भारत अब सीमा पर सड़क मार्गों और सैन्य तैयारी में काफी आक्रामक तरीके से इजाफा कर रहा है।



।। श्री सहस्रफणी पार्श्वनाथाय नमः।।


अतिशयकारी 300 वर्ष प्राचीन

# श्री श्री 1008 चिन्तामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर

## पारस विहार, मोहनपुरा, जयपुर

(अन्तर्गत-कुन्दनमल कमलादेवी गोदीका मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर)

**अष्टाह्निका महापर्व पर प्रथम वार**



दिव्य आशीष : वात्सल्य रत्नाकर परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमलसागर जी महाराज



तपस्वी सम्राट महामनाचार्य कुशाग्र नन्दी जी मुनिराज

# श्री श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्व शान्ति महायज्ञ

पावन सान्निध्य.. **पूज्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयन्तसागर जी मुनिराज**

**सोमवार, दिनांक 27 फरवरी, 2023 से मंगलवार, दिनांक 7 मार्च, 2023 तक**

### आमंत्रण पत्रिका

सकल समाज के साधर्मी बन्धुवर,

सादर जय जिनेन्द्र।

आपको जानकारी देते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि हम सभी के प्रबल पुण्योदय से तपस्वी सम्राट महामनाचार्य १०८ कुशाग्रनन्दी जी गुरुदेव के पावन आशीर्वाद से परम पूज्य उपाध्याय श्री १०८ ऊर्जयन्तसागर जी मुनिराज के पावन सान्निध्य में हमारे जिनालय में प्रथम बार अष्टाह्निका महापर्व का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें आप सभी साधर्मी इष्टमित्रों सहित सपरिवार सादर आमंत्रित है।

विधानाचार्य
पं. सुरेन्द्र कुमार जैन, सलुम्बर

संगीतकार
साक्षी जैन, जयपुर



तीर्थभक्त शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री 108 महावीर कीर्ति जी मुनिराज का
**दीक्षा दिवस समारोह**
(फाल्गुन शुक्ल एकादश)
गुरुवार, दिनांक 2 मार्च, 2023

### मांगलिक कार्यक्रम

**दिनांक 27 फरवरी, 2023 (फाल्गुन शुक्ला अष्टमी)**

| | |
|---|---|
| प्रात: 7.00 बजे | : देव आज्ञा, आचार्य निमंत्रण |
| प्रात: 7.30 बजे | : मंगलाष्टक, अभिषेक- शांतिधारा, |
| प्रात: 8.30 बजे | : ध्वजारोहण |
| प्रात : 9.00 बजे | : घटयात्रा, मंडप शुद्धि, मंडल प्रतिष्ठा, सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा, मंगल कलश स्थापना, जिन पूजा विधान प्रारम्भ |
| सायं 7.30 बजे | : महाआरती |
| सायं 8.00 बजे | : शास्त्र वचन (प्रवचन) |
| सायं 8.30 बजे | : सांस्कृतिक कार्यक्रम (प्रतिदिन) |

**दिनांक 28 फरवरी से 6 मार्च, 2023 तक (प्रतिदिन)**

| | |
|---|---|
| प्रात: 7.00 बजे | : मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा |
| प्रात: 7.30 बजे | : नित्य पूजा, विधान प्रारंभ |
| प्रात: 9.00 बजे | : प्रवचन |
| सायं 7.30 बजे | : प्रतिदिन महाआरती, प्रतिक्रमण |
| सायं 8.00 बजे | : शास्त्र वचन (प्रवचन) |
| रात्रि 8.30 बजे | : सांस्कृतिक कार्यक्रम (प्रतिदिन) |

**दिनांक 7 मार्च, 2023 (पूर्णिमा)**

| | |
|---|---|
| प्रात: 6.30 बजे | : मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, सरस्वती पूजा-अर्चना आचार्य पूजन, विश्व शांति महायज्ञ, मंडप निष्पादन, भव्य समारोह |

## वात्सल्य रत्नाकर
### परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमलसागर जी मुनिराज का
# 70 वाँ दीक्षा जयन्ती पर्व

**रविवार, दिनांक 5 मार्च, 2023 (फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी)**

कार्यक्रम.. मध्याह्न 2.00 बजे से - विनयाञ्जलि सभा, चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, पूजन अष्ट द्रव्य, विद्धत उद्बोधन

आमंत्रित विद्धतजन्....डॉ. सनत कुमार जैन, जयपुर • डॉ. प्रेम चन्द रांवका, जयपुर • डॉ. एन.के.खींचा, जयपुर, डॉ. पी.सी.जैन, जयपुर पं. चन्दनमल अजमेरा, जयपुर • पं. विमल कुमार जैन बनेठा, जयपुर

गुरु उपासना
समस्त वात्सल्य रत्नाकर चरणानुरागी परिवारगण

चित्र अनावरण
श्री निर्मल कुमार जी सेठी, मुकुन्दपुरा

दीप प्रज्जवलन
श्री नरेश कुमार जी दिनेश कुमार जी पापड़ीवाल

मुख्य समन्वयक
पवन जैन गोदीका

मुख्य संयोजक
सुरेश चन्द जैन बांदीकुई

संयोजक
अरुण कुमार बाकलीवाल (रेवड़ी)

समन्वयक
प्रमोद बाकलीवाल

ध्वजारोहणकर्ता
श्री देवप्रकाश जी खण्डाका
अध्यक्ष, श्री दिगम्बर जैन मुनिसंघ व्यवस्था समिति

मुख्य कलश स्थापनकर्ता
श्री ताराचन्द जी जैन स्वीट कैटर्स
अध्यक्ष, एवीएस फाउण्डेशन, जयपुर

जाप्यकलश स्थापनकर्ता
श्री राकेश कुमार जी सुखानन्द जी सारंग जी काला
दुर्गापुरा, जयपुर

नोट : बाहर से पधारने वाले सभी महानुभावों के अतिथि सत्कार की पूर्ण व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा रखी गई है।

समन्वय समिति..श्री एम.पी.जैन, श्री जे.के.जैन, श्री धनकुमार कासलीवाल, श्री सुशील पहाड़िया, श्री राजेन्द्र सेठी, श्री पवन जैन नगिना, श्री राजेश काला, श्री सौभागमल जैन, श्री सुनील सौगानी श्री विजय पाण्ड्या, श्री कैलाश छाबड़ा, डॉ. सुनील जैन, श्री कमल छाबड़ा, श्री महावीर कासलीवाल

स्वागत समिति..श्री शिखरचन्द कासलीवाल, श्री अजित जैन बीओबी श्री कोशल सेठी, श्री अशोक जैन खेड़ली, श्री राजेन्द्र शाह, श्री महावीर बाकलीवाल, श्री गौरव जैन देवनगर, श्री सुनील साखुनियाँ

प्रचार व्यवस्था..श्री बाबूलाल ईंटून्दा, श्री अभिषेक जैन बिट्टू, श्री अमर जैन कोटखावदा, श्री अभिषेक जैन

सहयोगी....श्री दिगम्बर जैन मन्दिर वरुण पथ, हीरा पथ, थड़ी मार्केट, मीरा मार्ग, राधानिकुंज, इंजीनियर कॉलोनी, पद्मावती कॉलोनी, मान्यावास, वर्धमान सरोवर, केसर चौराहा, मन्दिर प्रबन्धसमिति अधिनस्थ समस्त युवा एवं महिला मण्डल एवं सकल दिगम्बर जैन समाज

अखिल भारतीय युवा एकता संघ, अखिल भारतवर्षीय पुलक जन चेतना मंच एवं महिला जाग्रती मंच सोश्यल ग्रुप नवकार, दिगम्बर जैन महासमिति मानसरोवर सम्भाग, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद्

परामर्शक संरक्षक
भट्टारक देवेन्द्र विजय स्वामीजी

शिरोमणि संरक्षक
डॉ. अनिल जैन (लक्की हॉस्पिटल), मुहाना
अरुण बाकलीवाल, रेवड़ीवाले

परम संरक्षक
पद्म चन्द गंगवाल
कौशल सेठी

संरक्षक
देव प्रकाश खण्डाका, राजेन्द्र के. शाह, संतोष जैन सडूवाले, सुरेन्द्र पाटनी (सुजानगढ़), साहिल जैन (पं. बंगाल)

अध्यक्ष
**पवन जैन गोदिका**
93149-39330

उपाध्यक्ष
धर्मेन्द्र गोदिका

मंत्री
**प्रमोद जैन बाकलीवाल**
98879-88000

संयुक्त मंत्री
सीए मनोज बाकलीवाल

कोषाध्यक्ष
विरेन्द्र के. सेठी

सह-कोषाध्यक्ष
प्रतीक गोदिका

निर्माण मंत्री
इंजी. गौरव जैन

संगठन मंत्री
सुभाष पाटनी


संगठन मंत्री
सीए मनीष छाबड़ा

संगठन मंत्री
एस.एन.जैन मुहाना

प्रचार मंत्री
राकेश गोदिका

कार्यकारिणी सदस्यगण.. मोतीलाल छाबड़ा, नरेश अजमेरा, पुष्पेन्द्र जैन (दिल्लीवाले), मनोज जैन, श्रेय पाटनी, चेतन जैन (साम्बरे)

# निवेदक-श्री 1008 चिन्तामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध समिति, पारस विहार, मोहनपुरा, जयपुर



# तीर्थंकर बालक आदिनाथ भगवान के जन्म पर अयोध्या नगरी में ढोल-नगाड़ों भक्ति संगीत पर झूमे श्रद्धालु

## माता के लल्ला हो गया, सारी अयोध्या, सारे गिरार में हल्ला हो गया, भक्ति गीत पर थिरके श्रद्धालु

### जन्माभिषेक का निकला भव्य जुलुस, तीर्थंकर की वाणी जगत कल्याणी होती हैं : आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन आदिनाथ अतिशय क्षेत्र गिरारगिरी विकासखंड मड़ावरा में चर्या शिरोमणि , आध्यात्मिक संत आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के 27 पिच्छिधारी साधुओं के विशाल संघ सान्निध्य में ब्र. जय कुमार निशांत, पंडित सनत कुमार विनोद कुमार जैन के प्रतिष्ठाचार्यत्व में आयोजित श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक मानस्तम्भ जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, विश्वशान्ति महायज्ञ एवं रथोत्सव महोत्सव रविवार को जन्म कल्याणक अगाध श्रद्धा-आस्था के साथ विधि विधान पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः6.30 बजे से पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य महा पूजन की गई। जैसे ही आज प्रातः प्रतिष्ठाचार्य ने प्रातः 7.24 बजे यह घोषणा की कि अयोध्यापुरी में तीर्थंकर बालक आदिकुमार का जन्म हो गया है, श्रद्धालुओं में अपार खुशी छा गयी और और भावी तीर्थंकर भगवान के जन्म की खुशियां बांटने लगे। जन्म की बधाईयां हुई इस पर सैकड़ों लोग थिरकते दिखाई दिए। माता के लल्ला हो गया, सारी अयोध्या, सारे गिरार में हल्ला हो गया भक्ति गीत पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। आदिकुमार का जन्म होते ही मिठाईयां बाटी गयीं, फल बांटे गए, गगन भेदी नगाड़ो को बजाते हुए मंगल गान गाये गए। जन्म की बधाईयां हुई इस पर श्रद्धालु थिरकते दिखाई दिए। गगन भेदी नगाड़ो को बजाते हुए मंगल गान गाये गए। भगवान के जन्मोत्सव पर महोत्सव के पात्र, महोत्सव समिति के पदाधिकारी, स्वयंसेवी संगठन आदि सभी इस अवसर पर रामकुमार एण्ड पार्टी एवं मनोज शर्मा एण्ड पार्टी के भक्ति संगीत पर भक्ति नृत्य में झूम उठे। महाराजा नाभिराय के दरवार में अयोध्यानगरी के राजदरवारियों ने नृत्य कर खुशियां मनाई। कुवेर इन्द्र द्वारा तीर्थंकर बालक आदि कुमार के जन्मोत्सव पर अपने खजाने के दरवार खोल दिए और नगर की प्रजा दान दिया। दीप प्रज्वलन व चित्र अनावरण महोत्सव गौरव अध्यक्ष अशोक ठेकेदार ललितपुर, संतोष घड़ी सागर, जयकुमार जैन सागर ने किया। इसके बाद आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन आलोक जैन बरायठा और शास्त्र भेंट शादीलाल जैन एडवोकेट ललितपुर आदि समाज श्रेष्ठियों द्वारा किया गया। भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य झांसी सपरिवार महोत्सव में शामिल हुए। आचार्यश्री का आशीर्वाद लिया।





महोत्सव समिति ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी ने अपने मंगल प्रवचनों में धर्म रसायन की चर्चा करते हुए कहा कि संसार के सारे रसायन जब समाप्त हो जाते हैं तब धर्म रसायन काम आता है। आत्मा को रसायन देने वाला जैनधर्म है। उन्होंने कहा कि भेद विज्ञान की छैनी परमात्मा के पास होती है। तीर्थंकर की वाणी जगत कल्याणी होती है। परिभाषा में धर्म खोजो, व्यक्ति में धर्म मत खोजो। तीर्थंकर ऋषभदेव के जन्म से तीनों लोक में आनंद और सुख छा जाता है। जिनेंद्र भगवान का जन्म कल्याणक मनाने का अवसर पुण्यात्मा को ही मिलता है, आज यहाँ बैठे सभी पुण्यात्मा जीव हैं। आज सभी को जन्म कल्याणक पर उन जैसा बनने का संकल्प लें। जैसे ही आचार्यश्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से आवाह्न किया कि जहां शाकाहारी-मांसाहारी लिखा हो ऐसे स्थान पर भोजन न करने का संकल्प लें। उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने दोनों हाथ उठाकर संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कुल की परंपरा और संस्कारों को न भूलें। दोपहर में आदिकुमार का विशाल जन्माभिषेक जुलुस निकाला गया। प्रथम कलश से अभिषेक करने का अवसर रविन्द्र जैन बरायठा वाले सागर को प्राप्त हुआ।दोपहर में जन्मकल्याणक भव्य जुलूस निकाला गया जो मंदिर प्रांगण से इंद्रा चौराहा होते हुए अभिषेक स्थल पहुँचा। जुलूस में सबसे आगे ज्योति, प्रशांत शिल्पी पूना परिवार हाथी पर सवार होकर धर्मध्वजा फहराते हुए चल रहे थे इसके बाद द सौधर्मेन्द्र चल रहे थे, इनके पीछे जुलूस में कुबेर अपना खजाना लुटाते हुए चल रहा था। इनके पीछे महोत्सव के सभी पात्र चल रहे थे। जूलूस में हाथी , घोड़े और बग्गियां क्रमशः चल रही थीं। जुलूस को व्यवस्थित करने में पुलिस प्रशासन जुटा रहा। स्वयंसेवी संगठन वाद्य यंत्र बजाते हुए चल रहे थे। युवा वर्ग भक्ति नृत्य कर रहे थे। भगवान के जन्म की खुशी में मिठाई बांटी जा रही थी। पांडुक शिला पर हुए जन्म अभिषेक को देखने श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाव उमड़ पड़ा। बालक आदिकुमार को लेकर सौधर्म इंद्र ने पांडुक शिला पर ले जाकर अभिषेक कराया। जन्मकल्याणक के अंतर्गत इंद्रसभा एवं राज दरबार, इंद्राणी द्वारा बालक आदिकुमार का प्रथम दर्शन एवं इंद्र द्वारा सहस्र नेत्रों द्वारा दर्शन के सुंदर मनोरम प्रेरणादायी दृश्यों का मंचन पंचकल्याणक के पात्रों द्वारा किया गया जिसे देख दर्शक भाव-विभोर हो गए।

## सोमवार को होगा तप कल्याणक

महोत्सव के प्रचारमंत्री-मीडिया प्रभारी डॉ सुनील संचय ने बताया कि महोत्सव में सोमवार को तप कल्याणक विधि विधान के साथ आयोजित होगा। इस दौरान पात्र शुद्धि, नित्य अभिषेक पूजन के बाद आचार्यश्री का आशीर्वचन होगा। आदिकुमार का पाणिग्रहण संस्कार विधि (बारात) होगी। राज्याभिषेक, भेंट समर्पण, महामंडलेश्वर नियुक्ति, सेनापति नियुक्ति षटकर्म उपदेश, दंडनीति, ब्राह्मी सुंदरी को शिक्षा, नीलांजना नृत्य लौकांतिक देवागमन, युवराज भरत बाहुबली व बाहुबली राज्य तिलक दीक्षा अभिषेक दीक्षा बन आगमन दीक्षा कल्याणक संस्कार विधि होगी।

# जगत पूज्य की महिमा



इशूरवारा की धरती पर जन्म हुआ था गुरुवर का अद्भुत पुण्य
उदय में आया, धारा भेष दिगंबर का।
जयजय कार हुई ऐसी कि जयकुमार ही नाम हुआ विधा गुरु
की शरण मिली तो फिर जीवन सुखधाम हुआ।।

शांति देवी की गोद मे खेले रूप पिता की छाया में आगम के
अनुरागी थे सो लिप्त हुए ना माया में।
दर्श किए विधा गुरु के वैराग्य स्वयं में धार लिया मुनि दीक्षा को
धारण करके हम सब का उद्धार किया।।

भक्तों का उद्धार किया वचनो के सिद्धि दायक है यही मुक्ति के
पंथ प्रदर्शक निजता के अनुशासक हैं।
देव चरण मे आकर जिनके अपना माथा धरते हैं जगतपूज्य
उन गुरुचरणों में हम सब वंदन करते हैं।।

भजकर जिनका नाम हजारों मनुज धन्य हो जाते हैं गौशाला से
विद्यालय तक जो निर्माण कराते हैं।
गंदोधक से मिट जाते हैं कितने कष्टों के अंबार जिनके
समाधान से मिलती जिनवाणी की अमृत धार।।

सांगानेर चांदखेड़ी में जिन प्रतिमा अवतरित हुई सब जीवों पर
कृपा दृष्टि भी जिनवर की अनवरत हुई।
ललितपुर में सहत्रकुट बिजोलिया गगन बिहारी है गोलाकोट
के बड़े बाबा भी कितने अतिश्यकारी है।।

जबलपुर हनुमान ताल भक्तांबर के स्वर गूंज रहे सिरोंज
नारेली चमलेश्वर नाम शिखर को चूम रहे।
थूबोन जी का बदला नक्शा खड़े बाबा चमत्कारी है जगत
पूज्य के पावन चरणों की महिमा भी न्यारी है।।

देवगढ़ के कण कण में अतिशय दिखे अपार हे पुण्योदय से
शवोदय तक तीर्थों की बहार है।
श्रमण संस्कृति संस्थान ने धर्म का परचम लहराया चैतनोदय
भी आपकी कृपा से गुरुवर हे पाया।।

तीर्थों के उद्धारक हैं जिज्ञासा का समाधान यही संस्कार शिविर
के प्रेरणा श्रोत्रहम सबके भगवान यही।
चरणो में अर्पित शब्दो की गुणमाला गुरुवर करे प्रणाम जगत
पूज्य के दर्शन से मिल जाते है चारों ही धाम।।

क्या होती है गुरु की भक्ति कैसे गुरु का ध्यान करें हनुमान तुम
विद्या गुरु के विद्या गुरु में राम मिले।
गुरुवर के पग धरे भाल पर सारे तीर्थ दिखाते है नयनों से जल
अर्पित करके तीर्थ बंधन कर जाते है।।

जिनकी दहाड़ सिंह सारिकी कड़वा सच जो कहते हैं मगर गुरु
की शरण मिले तो बालक बनकर रहते हैं।
विद्या गुरु के सुधा सिंधु के हम सब गुण को गाते हैं जो गुरुवर
को ध्याते हैं वह गुरुवर के हो जाते हैं।।

**कवि सौरभ जैन भयंकर चंदेरी**
9981082655



अध्यक्ष, कार्याध्यक्ष, एवं सचिव शपथ ग्रहण करते हुए...

# पुरुष प्रधान समाज में महिलाएं अपने को दोयम दर्जे की न माने

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन परवार समाज महिला संगठन का शपथ विधि समारोह राजशाही गार्डन मे डीएवीवी की कुलपति डॉक्टर रेणु जैन के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखिका ज्योति जैन ने संगठन की मनोनीत अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता राजेश जैन, कार्याध्यक्ष श्रीमती वंदना जैन एवं सचिव श्रीमती सारिका जैन सहित नई कार्यकारिणी एवं सभी सदस्यों को संगठन के सिद्धांत, नियम और नीति के अनुसार अपने कर्तव्य एवं दायित्वों के निर्वाहन की शपथ दिलाई। सभी ने ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ ली। भिक्षु पुनर्वास केंद्र की संचालक श्रीमती रूपाली जैन, चोइथराम कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ रीता जैन (नायिका) एवं डॉ अर्पणा जैन विशेष अतिथि थीं। इस अवसर पर ज्योति जैन ने संगठन की नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि शपथ ग्रहिता सभी को साथ लेकर समाज कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करें। पुरुष प्रधान समाज में महिलाएं अपने को दोयम दर्जे की ना माने। महिलाएं घर समाज एवं परिवार की धुरी हैं उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। कुलपति डॉक्टर रेणु जैन ने कहा कि समय की मांग है कि समाज में दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन का भेदभाव मिटाएं। कोई दूसरा हमारा अहित न कर सके इसलिए संगठित रहें। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि आने वाले दिनों में भारत की होने वाली जनगणना के फार्म के कॉलम नंबर 6 में सिर्फ जैन लिखें ताकि जैनों की सही जन संख्या ज्ञात हो सके। डॉ रीता जैन एवं रूपाली जैन ने जैन समाज में पनप रही विसंगतियों की चर्चा की और कहा कि आज समाज में प्राचीन मंदिर एवं तीर्थ उपेक्षित हैं और नए मंदिरों और तीर्थों का निर्माण हो रहा है उसे रोका जाना चाहिए एवं पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार के साथ नए मंदिरों के बजाय चिकित्सा एवं शिक्षा संस्थानों की स्थापना की जाना चाहिए। निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती रानी बडकुल ने स्वागत भाषण एवं सचिव श्रीमती शेफाली जैन ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथि स्वागत श्रीमती मधु जैन, नीलम बांझल, समता सोधिया एवं इंदिरा मोदी ने किया। समारोह का संचालन श्रीमती कल्पना जैन एवं अंजलि जैन ने किया।

इस अवसर पर दिगंबर जैन परवार समाज के अध्यक्ष श्री एम के जैन सीए, डी के जैन, डॉक्टर जैनेंद्र जैन, राजेश जैन दद्दू, विपुल बांझल आदि समाज श्रेष्ठी उपस्थित थे। आभार श्रीमती कल्पना जैन ने माना। श्रीमान संपादक महोदय कृपया विज्ञप्ति चित्र सहित प्रकाशित कर अनुग्रहित करें धन्यवाद।

**राजेश जैन दद्दू मीडिया प्रभारी**

# युवा परिषद मानसरोवर का शपथ ग्रहण




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के मानसरोवर संभाग का शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। इसमें अशोक जैन जोला ने अध्यक्ष और पारस जैन ने मंत्री पद की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रामचरण बोहरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डॉ राजीव जैन ने कार्यकारिणी को अपने पद की शपथ दिलाई। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदय भान जैन , प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन, पार्षद पारस जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन ने अपने आगामी योजना के बारे में विस्तार से बताया।


फोटो: सतीश अकेला 'चित्रांकन'

# श्री पंचकल्याणक महोत्सव में हुआ गर्भ कल्याणक पूर्वाद्व कार्यक्रम सम्पन्न

## खोने पर गम नहीं, और जिसने पाया है किसी से कम नहीं : आचार्य श्री सुनील सागर महाराज



**विराटनगर. शाबाश इंडिया।** महाभारत कालीन पौराणिक तीर्थ स्थल विराटनगर में प्राकृतिक सुरम्य वादियों के मध्य स्थित अतिशय क्षेत्र श्री पार्श्वनाथ जैन नसिया परिसर में आयोजित श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे रोज रविवार को राष्ट्रीय संत श्री 108 आचार्य सुनील सागर मुनिराज के पावन सानिध्य में गर्भ कल्याणक पूर्वार्ध कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य सुनील सागर महाराज ने अपने प्रवचनों के दौरान कहा कि जीवन के 2 मूल मंत्र जिसने खोया है गम नहीं और जिसमें पाया है किसी से कम नहीं। उन्होंने कहा कि जिसे समय पर समझ हो गई उसका जीवन धन्य हो गया। इसी के परिणाम स्वरूप पांडवों की इस पावन भूमि पर भगवान शांति नाथ की 21 फीट विशाल खडगा सन प्रतिमा इस शुभ अवसर पर खड़ी हो गई। जिनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव रहेगा। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण, जिनेंद्र अभिषेक, शांति धारा, सकलीकरण, इंद्र, मंडप प्रतिष्ठा, जाप्य प्रारंभ, अंकुरारोपण, महायाग मंडल विधान, एवं भगवान की आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अनेक मुनिश्री, क्षुल्लक आर्यिका(माताजी) सहित, कार्यक्रम के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद जयपुर वाले, संयोजक संतोष जैन ,संरक्षक मोतीलाल जैन, हरिद्वारी लाल जैन, महामंत्री विनोद जैन, मंत्री जयकुमार जैन, रतन जैन,तथा देश, प्रदेश से आये जैन समाज के प्रबुद्ध लोग मौजुद थे।

# मालवीय नगर विकास समिति सेक्टर 13 का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मालवीय नगर विकास समिति सेक्टर 13 का शपथ ग्रहण समारोह 19 फरवरी को सुधासागर सभागार जैन मंदिर सेक्टर 10 मालवीय नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी मे विमलेश जैन अध्यक्ष, अनिल आहूजा महामंत्री, रामअवतार अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आर बी अग्रवाल एवं स्थानीय पार्षद राजुला सिंह रही। आरबी अग्रवाल एवं राजुला सिंह ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ उपरांत अध्यक्ष विमलेश जैन ने बताया कि भविष्य में सेक्टर 13 की सुरक्षा को लेकर विशेष उपाय प्रबंध समिति द्वारा किए जाने हैं एवं विभिन्न सम सामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम भी किए जाएंगे जिससे आपसी सामंजस्य और मेल मिलाप बढ़े। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों की उपस्थिति रही।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# जो आपके पास नहीं है उसकी कमी सताती है : मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी

## दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी ने किए श्री फल भेंट, माता के सोलह स्वप्नो में दिखाया फला देश

**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया**

व्यक्ति के पास जो होता है उसका सुख उसे नहीं होता। जो उसके पास नहीं होता है उसकी कमी उसे सताती है ।कोई ऐसी वस्तु नहीं जिसका विरोधी पक्ष ना हो ,दुनिया का कोई ऐसा शब्द नहीं हुआ जिसका विरोधी शब्द ना हुआ हो, प्रत्येक इंद्री अपना स्वतंत्र कार्य करती है। एक इंद्री दूसरी इंद्री का सहयोग नहीं करती जब हमारी आंख में परेशानी होती है तो कान इंद्री उसका सहयोग नहीं करती उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने नंदीश्वर कॉलोनी स्थित आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी का पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरा दिन धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इसके पहले आज गर्भ कल्याणक का उत्तर रूप दिखाया गया। रविवार को गर्भ कल्याणक की पूजन की गई। प्रातः 6:00 बजे से मंगलाष्टक रक्षा मंत्र श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा इसके बाद पूजन संपन्न हुई। 8:30 से निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज आदिनाथ मंदिर ढोगा से आकर मंच पर विराजमान हुए ।मुनि श्री के पाद प्रक्षालन चित्र अनावरण का परम सौभाग्य सुंदर लाल अशोक जैन एवं सुरेश जैन निर्भय जैन को प्राप्त हुआ।

### मुनि पुंगव के चरणों में पहुंची दर्शनोदय तीर्थ कमेटी

अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल,उपाध्यक्ष राकेश अमरोद, महामंत्री विपिन सिंघाई, मंत्री विनोद मोदी, प्रचार मंत्री विजय धुर्रा, आडीटर



राजीव चन्देरी, संरक्षण शैलेन्द्र दददा, परम संरक्षण सुरेश चन्द्र, लोकेन्द्र कुमार वरोदिया, लालू जैन, रोशन जैन सहित अन्य भक्तों ने परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज के के चरणों में श्री फल भेंट किए। इस दौरान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के संरक्षण सदस्य के रूप में नवीन सदस्यता रोशन लोकेन्द्र कुमार ने ग्रहण की ।इस दौरान जयपुर से पधारे धर्म संस्कृति यात्रा टीकमगढ़ पहुंची। जहां उत्तम चंद पंड्या परिवार सहित अजय कुमार, संजय कुमार कटारिया, विनोद पहाड़ियां सहित सैकड़ों भक्तो ने श्री फल भेंट किए। इस दौरान पंच परमेशष्टी विधान किया गया इसके बाद उत्तम चंद पंड्या परिवार का सम्मान किया गया ।

### हम दुसरो के सहयोग की अपेक्षा से दूर रहें

मुनि श्री ने कहा कि जब हमारे शरीर की इंद्रियां भी हमारे बस में नहीं है फिर हम दूसरों से कैसे सहयोग की अपेक्षा कर सकते हैं ।यह पांचों इंद्रिया स्वतंत्र कार्य करती हैं। ऐसे ही आत्मा के गुण अपना स्वतंत्र कार्य करते हैं। जैन दर्शन कहता है जो भी तुम्हारे पास है उसको पूर्ण समझो संपूर्ण समझो अपनी सत्ता स्वाधीन रखो जब हम देखना चाहे अपने गुणों को मजबूत करना है। एक दूसरे गुणों का सहयोग नहीं करता है सब कुछ होते हुए भी तुम्हें महसूस करना कि हमारा कोई नहीं है दर्शन को इतना समर्थ मान लो कि जब हम कोई पदार्थ देखना चाहे तो हमें देखने की अनुभूति होना चाहिए।



सत्य को चुनौती के रूप में स्वीकार करना है। हमें सत्य से ऊपर उठना है। रात है यह सत्य है, लेकिन रात्रि में दिन की अनुभूति हो जाए यह चमत्कार है।

### आज मनाया जायेगा भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव

सोमवार को सुबह 7:48 पर बालक आदि कुमार का जन्म होगा संपूर्ण अयोध्या नगरी को सजाया गया है घर घर जन्म की खुशियों में दीपक जलाए जाएंगे मिठाई बांटी जाएगी एक पल तो नारकीय जीवो को भी नरक में शांति का अनुभव होता है। यह सब बालक आदि कुमार के जन्म के प्रभाव के कारण होता है। तीर्थंकर के गर्भ में आने के 6माह पहले से ही देवता उनकी भावी जन्म नगरी में दिव्य रत्नों की बर्षा 15माह तक लगातार रोज करते हैं। तीर्थंकर को जन्म देने वाली माँ को 16स्वप्न दिखाई देते हैं। तीर्थंकर के जन्म से सौधर्म इन्द्र का आसन कंपायमान होता है व अन्य चारों निकाय के देवों के महलों में भी विचित्र संकेत होते हैं व नरक के जीवों को भी कुछ क्षण की शांति मिलती है।




# जैन मंदिरों में चोरियों की घटनाओं को लेकर हुई चिन्तन बैठक

## जैन मंदिरों की सुरक्षा सर्वोपरि: महेन्द्र पाटनी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजधानी के जैन मंदिरों में हो रही चोरियों की घटनाओं को लेकर राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में शहर के जैन मंदिरों की प्रबंध समितियों के पदाधिकारियों की चिन्तन बैठक का आयोजन भट्टारक जी की नसियां में हुआ। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा की वेबसाइट का लोकार्पण भी किया गया। नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां के बड़जात्या सभागार में आयोजित इस चिन्तन

> **अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने आगामी 3 अप्रैल को महावीर जयंती मनाए जाने तथा सभा की ओर से किए जाने वाले कार्यक्रमों यथा रक्तदान शिविर, स्मारिका प्रकाशन, शोभायात्रा, धर्म सभा आदि पर प्रकाश डाला।**

बैठक का शुभारंभ विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र के तीन बार सामूहिक रूप से उच्चारण कर हुआ। राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने स्वागत उदबोधन देते हुए जैन मंदिरों में लगातार हो रही चोरियों की घटनाओं की रोकथाम एवं चोरों को पकड़ने के सम्बन्ध में राजस्थान जैन सभा द्वारा की गई कार्रवाई से सभी को अवगत कराया। चिन्तन बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं दिगम्बर जैन मंदिर महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र कुमारपाटनी ने सभी से अपील की कि मंदिरों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जावे एवं मंदिर में विराजित प्रतिमाओं एवं अन्य सामग्री का पूर्ण लेखा जोखा, फोटोज आदि रिकार्ड में सुरक्षित रखे जावे। मंदिर समिति के पदाधिकारी समय समय पर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था चेक करते रहे। सीसीटीवी कैमरे लगाए, उन्हें मोबाइल से जोड़े। कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रशासनिक समन्वयक महेश काला ने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं उनके प्रमुख सचिव कुलदीप रांका से मिलने एवं पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन देने की जानकारी दी। इस मौके पर सभा के कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा ने गत 25 दिसंबर को आयोजित सम्मेदशिखर बचाओ आंदोलन के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

<u>महामंत्री मनीष बैद ने सभा का संचालन करते हुए राजस्थान जैन सभा की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।</u>

कार्यकारिणी सदस्य जिनेन्द्र जैन जीतू ने आगामी 16 मार्च को आने वाली आदिनाथ जयन्ती पर भट्टारक जी की नसियां में आयोजित होने वाले भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान के आयोजन पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने आगामी 3 अप्रैल को महावीर जयंती मनाए जाने तथा सभा की ओर से किए जाने वाले कार्यक्रमें यथा रक्तदान शिविर, स्मारिका प्रकाशन, शोभायात्रा, धर्म सभा आदि पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा द्वारा संचालित वेबसाइट **rajasthanjainsabha.in** का लोकार्पण प्रवीण चन्द्र छाबड़ा एवं महेन्द्र कुमार पाटनी द्वारा किया गया। संयोजक शैलेन्द्र शाह चीकू ने वेबसाइट पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यकारिणी सदस्य अनिल छाबडा ने सभा की ओर से साईबर सेल बनाने का सुझाव दिया। सभा के उपाध्यक्ष मुकेश सोगानी द्वारा विशेषज्ञों के माध्यम से सीसीटीवी कैमरा संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था की सुनिश्चितता के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। बैठक में प्रवीण चन्द्र छाबड़ा, सुनील बख्शी,भाग चन्द जैन, प्रकाश गंगवाल, रवि जैन, पदम बिलाला, नीरज जैन, विपिन बज,निर्मल सेठी, रामपाल जैन आदि ने भी चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए सुझाव दिए। चोरियों के सम्बन्ध में विधानसभा में प्रश्न उठाने के लिए विधायक कालीचरण सराफ एवं अशोक लाहोटी का आभार व्यक्त किया गया। अन्त में महामंत्री मनीष बैद ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में बड़ी संख्या में मंदिर समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# धर्म प्रभावना यात्रा नेहा नगर सागर से गिरार गिरी पहुंची



**मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया**

**सागर।** धर्म प्रभावना यात्रा नेहा नगर सागर से परम पूज्य आ. श्री विज्ञान मति माताजी ससंघ के दर्शन मंगल धाम बंडा में कर, परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में चल रहे पंचकल्याणक महा महोत्सव गिरार गिरी जिला ललितपुर उत्तर प्रदेश पहुंची, जहां पर सभी ने भक्ति भाव से तीर्थंकर भगवान के जन्म कल्याणक के कार्यक्रम के साथ आचार्य श्री के मंगल प्रवचनों का लाभ लिया। आचार्य श्री की आहार चर्या के बाद, धर्म प्रभावना यात्रा श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कारीटोरन पहुंची जहां पर सभी ने सामूहिक भक्तांबर पाठ,भगवान शांतिनाथ चालीसा का पाठ कर, धर्म लाभ लिया ,और वहां से सीधे नेहा नगर सागर पहुंची। यात्रा बस द्वारा 50 धर्म प्रेमियों के साथ मुख्य रूप से राजकुमार शास्त्री राजेन्द जैन पी सी जैन आर के जैन मनीष विद्यार्थी मुन्नालाल मनोज जैन सचिन जैन आनंद जैन शामिल रहे।

# श्री वीर सेवक मंडल होली स्नेह मिलन समारोह




**जयपुर।** श्री वीर सेवक मंडल द्वारा होली स्नेह मिलन का कार्यक्रम 4 मार्च को होगा। महेश काला अध्यक्ष व भानु छाबड़ा मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर चंग ढप, पारंपरिक मारवाड़ी नृत्य , कृष्ण रास के साथ साथ फूलो की होली का कार्यक्रम शनिवार, 4 मार्च 2023 को श्री महावीर दिगंबर जैन स्कूल , सी - स्कीम, जयपुर, सांय 7 बजे से आयोजित की जायेगी। कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा ने सभी से अनुरोध किया कि सभी समय का ध्यान रखे।


प.पू. आचार्य श्री 108 आदिसागर जी मुनिराज (अंकलीकर)


प.पू. आचार्य श्री 108 महावीरकीर्ति जी मुनिराज


मूलनायक 1008 श्री अजितनाथ भगवान




प.पू. वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री 108 विमलसागर जी मुनिराज


प.पू. तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मतिसागर जी महाराज मुनिराज

## श्री श्री 1008 अजितनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर थानागाजी, जिला-अलवर (राज.)

# श्री श्री 1008 श्री मानस्तम्भ प्रतिष्ठा महामहोत्सव

## दिनांक 24-25 फरवरी 2023


आचार्य श्री 108 सुनीलसागर जी मुनिराज

**पावन सानिध्य :**

प.पू. मुनिकुंजर आचार्य 108 श्री आदिसागरजी (अंकलीकर) मुनिराज की परम्परा में चतुर्थ पट्टाचार्य
प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड, राष्ट्र संत
**आचार्य श्री 108 सुनीलसागर जी मुनिराज ससंघ**
(59 पिच्छी)

प्रतिष्ठाचार्य


पं. श्री सनत कुमार जी जैन
जयपुर

वात्सल्य आमंत्रण

प्रिय साधर्मी बन्धुओं
सादर जय-जिनेन्द्र !

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि प्राचीन श्री श्री 1008 श्री अजितनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर थानागाजी में विशाल नूतन भव्य मानस्तम्भ प्रतिष्ठा महामहोत्सव दिनांक 24 व 25 फरवरी 2023 को परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुनीलसागर जी महाराज विशाल ससंघ के सानिध्य में महति धर्म प्रभावना पूर्वक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आप सहर्ष सादर आमंत्रित हैं। आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि इस शुभ अवसर पर सभी महानुभाव उपस्थित होकर पुण्य लाभ उठायें।

### मांगलिक कार्यक्रम

**शुक्रवार, 24 फरवरी 2023**

| | |
|---|---|
| प्रात: 7.15 बजे | - जिनेन्द्र आज्ञा, देव आज्ञा, गुरु आज्ञा |
| प्रात: 8.15 बजे | - श्री ध्वजारोहण |
| प्रात: 9.00 बजे | - मंगल कलश यात्रा, मानस्तम्भ शुद्धि जाप्यानुष्ठान |
| प्रात: 10.15 बजे | - सकलीकरण इन्द्र प्रतिष्ठा, यागमंडल विधान पूजन |
| सायं 6.15 बजे | - संध्या आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम |

**शनिवार, 25 फरवरी 2023**

| | |
|---|---|
| प्रात: 6.15 बजे | - नित्य नियम पूजा अभिषेक |
| प्रात: 7.30 बजे | - श्री गुरुदेव अगुवाणी |
| प्रात: 8.30 बजे | - पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट |
| प्रात: 9.00 बजे | - महाराजश्री का मंगल आशीर्वचन |
| प्रात: 10.00 बजे | - विश्व शान्ति हवन |
| दोप. 12.15 बजे | - मानस्तम्भ श्रीजी विराजमान |
| सायं 6.30 बजे | - संध्या आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम |



अध्यक्ष
**पुष्पेन्द्र कुमार जैन**
मो. 6376262041

मंत्री
**राजकुमार जैन**
मो. 9414641461

**निवेदक : श्री सकल दिगम्बर जैन समाज, थानागाजी (अलवर) राज.**

नोट : सभी अतिथियों के भोजन की व्यवस्था समाज की ओर से है।



# बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद । महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार को नगर में पहली बार महाकाल सेवा मंडल के तत्वाधान में बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली गई। बाबा भोलेनाथ की बारात में नगरवासी उत्साह के साथ शामिल हुए। बारात में महिलाएं एवं पुरुष नाचते गाते चल रहे थे। बाबा भोलेनाथ की बारात नवलराम जी की बगीची से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पेट्रोल पंप स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। बाबा भोलेनाथ की बारात पर समूचे मार्ग पर पुष्प वृष्टि कर बारात का भव्य स्वागत किया गया।

# जन्म व तप कल्याणक मनाया



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद । दिगंबर जैन धर्मावलंबियों की ओर से रविवार को जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का जन्म व तप कल्याणक श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जैन धर्मावलंबियों ने प्रातः जैन मंदिरों में कलशाभिषेक, शांतिधारा व विशेष पूजा-अर्चना की।





श्रीमती नीरू छाबड़ा

को (जन्मदिन 20 फरवरी ) की

हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु: समस्त परिवार जन व मित्र गण

# मोनिलेक हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

जयपुर. शाबाश इंडिया

श्री जैन श्वेतांबर संघ जवाहर नगर के महावीर औषधालय एवं मोनिलेक हॉस्पिटल के सयुक्त तत्वावधान में निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष उम्मेद कुमार मूसल ने बताया की विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सभी प्रकार की जांचे एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। करीब 100 रोगियों ने शिविर का लाभ उठाया। संघ के सदस्यो ने इस कार्यक्रम को हर तीसरे महीने करने का निर्णय लिया है। समाज के प्रति सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा प्रथम कर्तव्य है। सचिव नितिन दुगड ने बताया की रोगियों को निः शुल्क दवा भी वितरित की गई एवं औषधालय में कई प्रशिक्षित डॉक्टर प्रतिदिन उपलब्ध रहते है और अनेक मरीजों का परामर्श एवं इलाज चलता है।